# मेरा देश भारत पर निबंध हिंदी

- **प्रस्तावना :** पूरे विश्व भर में मेरा देश भारत महान उपलब्धि हासिल किए हुए हैं। चारों दिशाओं में भारत का नाम रोशन है। भारत में बने ऐतिहासिक दुर्ग और पर्यटन स्थल आकर्षण पर्यटन स्थल का केंद्र है। भारत देश अपनी संस्कृति और सभ्यता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। आपक पता होगा कि मेरे देश भारत को पुराने समय में सोने की चिड़िया भी कहा जाता था। आज मैं अपने देश के बारे में बताते हुए गर्व महसूस कर रहा हूं। भारत शिक्षा के क्षेत्र में भी कई देशों से आगे निकल चुका है। भारत में इस समय नई नई टेक्नोलॉजी अविष्कार और विज्ञान का जबरदस्त प्रयोग देखने को मिल रहा है।

- **मेरे देश की भौगोलिक रचना :** विश्व के मानचित्र में भारत देश उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है, ज की 84 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 97.25 डिग्री पूर्वी देशांतर के बीच मे से फैला हुआ है। भारत देश की लंबाई उत्तर से दक्षिण तक 3214 किलोमीटर है। और यदि पूर्व से पश्चिम की बात करे तो यह 2933 किलोमीटर है। भारत देश क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सातवां सबसे बड़ा देश है। मेरे देश का क्षेत्रफल 3287263 वर्ग किलमीटर है। अगर मेरे देश की तुलना अन्य देश से करे त युरोप से 7 गुना बड़ा और ब्रिटेन से 13 गुना बड़ा अधिक है।

- मेरे देश भारत को उत्तरी भाग को कश्मीर के नाम से जाना जाता है कश्मीर देखने में भारत का मुकुट जैसा लगता है और अगर दक्षिण भाग की बात करें दक्षिण में तीनों तरफ समुद्र से घिरा हुआ है। जिस में एक तरफ बंगाल की खाड़ी दूसरी तरफ भारत सागर और बीच में हिंद महासागर है।

- भारत देश में आपको कई प्रकार की मिट्टियां देखने को मिलेंगी। जैसे काली मिट्टी, लाल मिट्टी, बलुआ मिट्टी, जलोड मिट्टी और भी कई सारी मिट्टी यहां पर है। मुख्यता यह पर चार प्रकार की ऋतु होती है। यह मिलकर मौसम का निर्माण करती है।

- ग्रीष्म ऋतु 2. शीत ऋतु 3. वर्षा ऋतु 4. शरद ऋतु

- **विश्व स्तर पर भारत :** मेरा देश भारत जनसंख्या की दृष्टि से दूसरा सबसे बड़ा देश तथा क्षेत्रफल की दृष्टि से सातवां सबसे विशालकाय देश है। मेरे देश का कोई भी राज धर्म नहीं है। यहां पर अलग अलग क्षेत्र में अलग भाषाएं बोली जाती है। कुल मिलाकर यहाँ पर 56 से अधिक प्रकार की भाषाओं का प्रयोग किया जाता है। विश्व की प्राचीन और संस्कृति का विकास मेरे देश में हुआ है।

- भारत में चित्रकला, मूर्तिकला के कई सारे अस्तित्व आज भी मौजूद हैं। यहां पर आपको कई सारे प्रसिद्ध मंदिर जैसे कि सूर्य मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर, जैन मंदिर आदि देखने को मिल जायेगे। ऐसे बहुत सारे प्राचीन पर्यटक स्थल आज मौजूद हैं, जो मुगलकालीन समय में बने हुए थे। जैसे विश्व प्रसिद्ध ताज महल, लाल किला, बुलंद दरवाजा, कुतुब मीनार, गोल गुंबद आदि विश्व भर में प्रसिद्ध है। भारत में आपको कई प्रकार के प्राचीन मूर्तियां जो कि हड़प्पा की खुदाई में प्राप्त हुई थी, वह आज भी यहां पर सुरक्षित हैं।

- **भारत का साहित्य संगीत और नाट्य कला की परम्परा :** विश्व भर में भारत के गौरवशाली संस्कृति को आज भी माना जाता है। भारत को विरासत में कई प्रकार के वेद, गीता, महाभारत, रामायण आदि की रचनाए यहां पर हुई है। हमारे देश में कई महान कवि हुए हैं जैसे कि तुलसीदास, सूरदास कालिदास। उन्होंने अपने जीवन की कई सारी रचनाएं लिखी हैं।

- इन सभी कवियों ने अपनी अपनी भाषाओं में कई सारे मौलिक रचनाओं को लिखा है। यहां पर गणित व वैज्ञानिक दृष्टिकोण से आर्यभट्ट वैज्ञानिक ने कई सारी खोजें कि जैसे कि पाई, कोसाइन, साइन। मेरे देश में सबसे पहले सूर्य और दशमलव पद्धति का आविष्कार हुआ है। भारत का संगीत विश्व भर में प्रसिद्ध है, यहां के संगीत को भागों तथा प्रहरो में बांटा गया है।

- **भारत का प्रशासनिक रूप :** भारत एक लोकतांत्रिक देश है और इसमें 28 राज्य तथा 9 केंद्र शासित प्रदेश हैं। इन सभी राज्यों की सरकारें संसदीय प्रणाली के आधार पर चल रही है। भारत देश के संविधान में कई प्रकार के मौलिक अधिकार दिए गए हैं। जिनमें से कुछ मौलिक अधिकारों के नाम नीचे दिए गए हैं।

PDFSeva.com

- स्वतंत्रता का अधिकार 2. समानता का अधिकार 3. शोषण के विरुद्ध अधिकार 4.अधिकार पृच्छा लेखा

- भारत के संविधान में दिए गए यह मौलिक अधिकार जनता के हित में है। भारतीय जनता क अपनी आवाज उठाने का हक और किसी भी कार्य करने की स्वतंत्रता दी गई है। संविधान के अंतर्गत राष्ट्रीय गान तथा राष्ट्रीय गीत का सम्मान करना जरूरी है। अपने देश की अखंडता का आदर और रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। भारतीय संविधान को केंद्र और राज्यों के अलग-अलग शक्ति के आधार पर बंटवारा किया गया है।

- इसका सीधा मतलब यह है कि केंद्र में अलग सरकार और राज्य में अलग सरकार होने से देश का विकास रुकने ना पाए। यहां पर 9 केंद्र शासित प्रदेश है, जिसमें सीधे राष्ट्रपति शासन चलता है।

- **भारत की विशेषताएं :** मेरे देश भारत के सभी राज्यों की कुछ ना कुछ अलग विशेषताएं भी हैं जैसे ही भारत के उत्तर प्रदेश राज्य में आगरा जिले का ताजमहल विश्व का सातवां सबसे बड़ा अजूबा है वही दूसरी तरफ कश्मीर की पहाड़ियां पर्यटन लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने का कार्य करती हैं।

- भारत का राजस्थान राज्य अपने गौरवशाली व प्राचीन युद्ध के बारे में एक अद्भुत राज्य है, जहां पर आपको कई सारे प्राचीन महल और घाटियां देखने को मिलेंगे। यहां पर बहुत सारे विदेशी पर्यटक अक्सर यहां की सुंदरता और बड़े-बड़े महलों को देखने के लिए आते हैं।

- इस देश की सबसे मुख्य बात है यहां की संस्कृति की अन्य विदेश के लोग भी तारीफ करते हैं। इस देश की संकृति का ग्रहण करना चाहते है।

- **निष्कर्ष :** मेरे देश भारत की पहचान इसके संस्कृति और सभ्यता पर आधारित है। मेरा देश भारत महान है। धर्मनिरपेक्षता के आधार पर भारत दुनिया का प्रथम देश है। भारत देश

PDFSeva.com

लगातार ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। हमारे देश में भी अब वैज्ञानिकों द्वारा हर रोज नए-नए अविष्कार किए जा रहे हैं। साथ ही हमारा देश भी अब डिजिटल दौर की ओर बढ़ रहा है।

All PDF Collection
PDFSeva

Hi! We're PDFSeva. A dedicated portal where one can download any kind of PDF files for free, **with just a single click.**

PDFSeva.com